हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 19 मई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

हरियाणा में चुनाव प्रचार चरम पर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियां एवं रोड शो कर रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज हरियाणा के करनाल में विशाल जनसभा को संबोधित काते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याकारी नीतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा और जनता से करनाल लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जिताने की अपील की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा सांसद कार्तिकेय शर्मा भी उपस्थित रहे। अब से कुछ ही देर में श्री अमित शाह हिसार में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा बाद दोपहर वे रोहतक लोकसभा क्षेत्र के झज्जर हलके में भी चुनाव प्रचार करेंगे।

....

आज कुरूक्षेत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे हैं।

....

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कल बल्लभगढ़ में महिला मोर्चा विंग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने एनडीए सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में बनाई गई जनहितकारी नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2029 तक संसद में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। श्री नड्डा ने महा सशक्तिकरण के लिए सरकार के प्रयासों पर जोर दिया और कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का परिणाम है कि संसद में 78 महिला सांसद है जिनमें से 41 सांसद भारतीय जनता पार्टी हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने उनके विचारों का स्वागत किया और उन्हें महिला मोर्चा के समर्थन का आश्वासन दिया। श्री नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस घोटालों की पार्टी बन कर सामने आई है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने, भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में वोट डालने की अपील की।

....

देश में पहली बार 85 वर्ष से अधिक आयु के लोगों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए पंचकूला ज़िला के 9053 में से 27 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट पेपर से यानि घर पर ही मतदान करने के लिए ईच्छा जाहिर की है। इन मतदाताओं का मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक घर-घर जाकर करवाया जा रहा है। राज्य निर्वाचन कार्यालय के मीडिया नोडल अधिकारी कैप्टन मनीष सिंह लोहान ने बताया कि राज्य भर में 100 वर्ष से अधिक आयु के 10 हज़ार 949 तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के 2 लाख 63 हज़ार मतदाता हैं। चुनाव आयोग द्वारा जो घर से मतदान करने की सुविधा दी गयी है उसके तहत अब तक लगभग साढ़े नौ हजार मतदाताओं ने आवेदन किया है। घर से वोट डालने वाले दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं

ने चुनाव आयोग की इस पहल का स्वागत किया। घर से मतदान करने वाले बुजुर्ग मतदाता ए.एल. कक्कड़ ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया:-

....

पानीपत और जींद के उपायुक्त ने अत्याधिक गर्मी के चलते जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में तुरंत प्रभाव से आगामी 24 मई तक नर्सरी से आठवीं कक्षा तक छुट्टियों के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जो भी स्कूल जिला प्रशासन द्वारा जारी हिदायतों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

....

पलवल के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने लू से बचाव के लिए परामर्श जारी किया है। जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्षा एवं उपयुक्त नेहा सिंह ने लोगों से सरकार द्वारा जारी परामर्श का पालन करने की अपील की है । उन्होंने लोगों को कहा है है कि वे स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें और अपना सिर ढक कर रखने के लिए कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पियें । उन्होंने ओ आर एस घोल, लस्सी, तोरानी यानि चावल का मांड, नींबू पानी, छाछ जैसे घर में बने पेय का सेवन कर तरोताजा रहने की सलाह भी दी है ।

....